कृपया प्रकाशनार्थ - **24 जनवरी 2013**

एक सप्ताह में जनसेवा बैंक की तीन नयी शाखाएं

मुंबई,गुरुवार: ''सहकार क्षेत्र में काम करनेवाली संस्थाएं आज-कल कई कठनाईयों का सामना कर रही है. मगर ऐसी विपरीत परिस्थिती में भी जनसेवा सहकारी बैंक (बोरीवली) तरक्की करते जा रही है. बैंक ग्राहकसेवा के लिए समर्पित होने के कारण ही नई शाखा में पहलेही दिन रु. 2.25 करोड की पूँजी आयी है'', इन शब्दों में सराहना करते हुए पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री. राम नाईक ने कल जनसेवा बैंक की अंधेरी शाखा का उद्घाटन किया.

स्थापना से लगातर ऑडीट में 'ए' वर्ग पानेवाली जनसेवा बैंक को इस वर्ष तो ए + वर्ग प्राप्त हुआ है. बैंक का तेजी से विस्तार हो रहा है. नयी अंधेरी शाखा के तुरंत बाद शुक्रवार 23 जनवरी को गोरेगाव पश्चिम में भी नयी शाखा का उद्घाटन हो रहा है. रविवार 27 जनवरी को मालाड की शाखा भी नयी बडी जगह में शुरु होगी. बैंक की यह तरक्की तारीफ के काबिल है ऐसा भी श्री. नाईक ने कहा.

अंधेरी रिक्रिएशन क्लब के अध्यक्ष श्री. रतनचंद जैन, विधायक श्री. गोपाळ शेट्टी, उपमहापौर श्री. मोहन मिठबावकर, पूर्व उपमहापौर श्री. अरुण देव, नगरसेवक श्री. अमीत साटम, नगरसेवक मोहशीन हैदर, आदी मान्यवर साथ ही साथ श्री. भालचंद्र भांगे तथा बैंक के सभी संचालक इस समय उपस्थित थे.

बैंक के अध्यक्ष श्री. सुरेश करमरकर ने उपस्थितों का स्वागत किया और बैंक के ग्राहक बनने का आवाहन किया. उपाध्यक्ष एड. जयप्रकाश मिश्रा ने कार्यक्रम का सूत्रसंचालन किया.

(महाव्यवस्थापक) के लिए